Time : 2½ Hours

HINDI (S.L.)

Subject Code

| S | 1 | 2 | 1 |
|---|---|---|---|

Total No. of Questions : 8 (Printed Pages : 6) Maximum Marks : 80

***सूचनाएँ :*** *i)* ***हर*** *संपूर्ण प्रश्न का उत्तर नये पन्ने से ही शुरू कीजिए ।*
*ii) प्रश्न क्रमांक और उप-प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए ।*
*iii) सभी प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*
*iv) दायीं ओर दर्शाए हुए अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हैं ।*

1. अ) निम्नलिखित गद्यखण्ड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

डॉ. माशेलकर अपनी कक्षा में हमेशा अव्वल आते थे । सन् 1966 में आपने मुंबई विश्वविद्यालय से 'रसायनशास्त्र' विषय लेकर अभियांत्रिकी की उपाधि हासिल की । पीएच. डी. करने के बाद आपने इंग्लैंड में अनुसंधान कार्य किया । अमेरिका और यूरोप के कई देशों में आपने अध्यापन कार्य किया और ऐसी स्थिति में किया जब विदेशों में अनेक आकर्षक अवसर आपके सामने हाथ जोड़ खड़े थे ।

**प्रश्न :**

i) उपर्युक्त गद्यखण्ड जिस पाठ से लिया गया है उस पाठ के लेखक का नाम क्या है ? **[1]**

ii) रसायनशास्त्र विषय लेकर माशेलकर जी ने कौन सी उपाधी हासिल की ? **[1]**

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **15–20** शब्दों में लिखिए : **[6]**

i) बसंत कौन-कौनसी चीजें बेच रहा था ?

ii) डॉ. माशेलकर जी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किस लड़ाई में जीत हासिल की है ?

iii) नारद ने भोलाराम की पत्नी को पेंशन के संबंध में किस तरह से आश्वस्त किया ?

iv) भारतीय जवानों में दो योगेंद्र सिंह यादव किन गाँवों के निवासी थे ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40–50** शब्दों में लिखिए : **[12]**

क) बीजक मिलने पर प्रभुदास जी के मन में कौन–कौन से विचार आए ?

ख) अहमदू ने गुलमर्ग से श्रीनगर तक का सफर कैसे तय किया ?

ग) जल क्रीड़ा के समय कौन–कौनसी सावधानियाँ बरतनी चाहिए ?

घ) अरूणिमा सिन्हा का एवरेस्ट विजय का सपना कैसे पूरा हुआ ?

3. अ) निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

देखों, उधर पूरब में,
आकाश के थाल पर,
गहन अंधकार को चीर,
सूरज झलक रहा,
हो रहा उसका उदय ही,
होगी जय निश्चय ही ।

**प्रश्न :**

i) प्रस्तुत काव्य पंक्तियाँ जिस कविता से ली गयी हैं उस कविता का नाम लिखिए । **[1]**

ii) पूरब में गहन अंधकार को चीर कर किसका उदय हो रहा है ? **[1]**

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **15–20** शब्दों में लिखिए : **[4]**

i) कबीर के अनुसार अच्छे फल की प्राप्ति के लिए मनुष्य को कैसा कर्म करना चाहिए ?

ii) कवि नागार्जुन ने बहुत दिनों के बाद किसकी तान सुनी ?

iii) पंछी को पिंजरे में क्या खिलाया जाता है ?

इ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **25–30** शब्दों में लिखिए : **[6]**

क) कवि तुलसीदास जी के अनुसार माँ–कौशल्या किस प्रकार सगुन मनाती है ?

ख) कवि प्रदीप जी हमें सैनिकों की कुरबानी को याद करने के लिए क्यों कहते हैं ?

ग) रनिया को अति गरीबी के कारण किस प्रकार की जिंदगी जीनी पड़ती है ?

4. अ) निम्नलिखित क्रियाओं में से किन्हीं **दो** क्रियाओं का सार्थक वाक्यों में सहायक क्रिया के रूप में प्रयोग कीजिए : **[2]**

i) जाना

ii) चुकना

iii) पड़ना

आ) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए : **[2]**

i) विद्यार्थी नियमों का पालन नहीं करते हैं। (विधानवाचक वाक्य में)

ii) डॉ. रघुनाथ माशेलकर एक कुशल वैज्ञानिक है। (प्रश्नवाचक वाक्य में)

इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के **पर्यायवाची** शब्द लिखिए : **[2]**

i) नयन

ii) फतह

iii) आग्रह

ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों का **विशेषण** रूप लिखिए : **[2]**

i) ईमान

ii) मास

iii) पीड़ा

उ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का प्रसंगानुसार भिन्न-भिन्न अर्थ स्पष्ट करने के लिए उसका अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग कीजिए : **[2]**

i) पद

ii) मन

5. अ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए : **[2]**

i) पशु

ii) काटना

iii) इंसान

आ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **दो** मुहावरों का अर्थ लिखकर उन मुहावरों का सार्थक तथा स्वतंत्र वाक्य में प्रयोग कीजिए । **[4]**

i) इच्छा जाग उठना

ii) नाम रोशन करना

iii) जल समाधि प्राप्त होना

इ) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **100–150** शब्दों में निबंध लिखिए : **[6]**

i) अस्पताल में एक घंटा

ii) संगणक(कंप्यूटर) से लाभ–हानि

iii) प्रदुषण–एक समस्या

iv) सादा जीवन उच्च विचार

6. अ) निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार किसी **एक** पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए : **[5]**

मंदार/मंदाकिनी खांडेपारकर, शांतीनगर, फोंडा–गोवा से अपने मित्र । सहेली को स्वास्थ्य के लिए योग का महत्व समझाते हुए पत्र लिखता/लिखती है ।

**अथवा**

मारियो/मारिया फर्नांडिस 'जॉयफील नगर' मडगाव–गोवा से पुलिस इंस्पेक्टर, मडगाव, पुलिस मुख्यालय को अपने इलाके में बढ़ती हुई गुंडागर्दी के संबंध में शिकायत करते हुए पत्र लिखता/लिखती है ।

आ) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उसे उचित शीर्षक तथा सीख लिखिए : **[5]**

एक औरत – नेवला पालना – पानी भरने बाहर जाना – लौटने पर नेवले का मुँह, खून से लथ–पथ देखना – बच्चे की हत्या की आशंका लेना – नेवले पर घड़ा पटकना – बच्चे को जिंदा पाना – पास ही मरा हुआ साँप देखना – पछताना – सीख

7. निम्नलिखित गद्य–खण्ड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

प्रत्येक मनुष्य अधिक से अधिक सुख–समृध्दि की कामना करता है । वह चाहता है कि जब तक वह जीवित रहे तब तक उसे सभी प्रकार का सुख प्राप्त होता रहे । इसलिए वह परिवार का गठण करता है। मनुष्य मृत्यु पर्यंत अपने लिए, परिवार के लिए जुझता रहता है ताकि वह सुख–पूर्वक रह सके ।

व्यक्ति से अगली इकाई परिवार की है । पति-पत्नी, माता-पिता एवं बच्चे मिलकर परिवार बनता है । अनेक परिवारों को मिलाकर गाँव और नगर बनते हैं । परिवार एक ऐसी इकाई है जो समाज और राष्ट्र से जुड़ी है । अत: परिवार की सुख-समृध्दी और उसकी मंगल कामना के लिए वैसा ही प्रयत्न करना 'परिवार नियोजन' कहलाता है ।

परिवार नियोजन कैसा होगा ? इस पर विचार करना समोचित है । परिवार को सीमित रखने के प्रयत्न में ही परिवार कल्याण का भाव निहित है । हमें यह बात भली प्रकार जान लेनी चाहिए कि परिवार को बिना सोचे समझे बढाते जाना मूर्खता के सिवाय कुछ नहीं है । यह दुर्भाग्य की बात है कि हमारे देश की जनसंख्या में अंधाधुंद, वृध्दि हो रही है , जिसके फल स्वरूप परिवार-कल्याण का कार्य पिछड़ जाता है । परिवार के सदस्यों की संख्या कम होगी । जब एक आय को बाँटने वाले जब कम होंगे तब उसे पाने वालों को अधिक भाग की प्राप्ति होगी । जनसंख्या वृध्दि ने देश के सामने ऐसी विकट समस्या उपस्थित कर दी है, जिनका हल होना कठिन होता चला जा रहा है । जिधर देखो उधर लंबी लाइनें ही दिखाई देती है । इसी कारण नौकरी के अवसरों की भी कमी होती चली जा रही है ।

भारत में प्राकृतिक साधनों की कमी नहीं है । पर हमारी गिनती अल्प विकसित राष्ट्रों में की जाती है । हमारे देश में अंध विश्वासों की मान्यता अधिक है जिसके फल स्वरूप आबादी पर काबू पाना कठिन होता चला जा रहा है । वे लोग संतान को भगवान की देन मानते हैं । भूखा व्यक्ति कैसे अपनी संतान का पेट भर सकता है ? भारत जैसे निर्धन देश के लिए परिवार को सीमित रखना और भी अधिक आवश्यक है ।

अब प्रश्न उठता है कि परिवार नियोजन को ध्यान में रखते हुए परिवार को छोटा कैसे रखा जाए । इसका उत्तर है - संतान को कम पैदा करके । इसके लिए आम जनता में चेतना का विकास करना होगा । जनसंख्या शिक्षा भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकती है । लोगों को यह बताना चाहिए कि जनसंख्या वृद्धि से किन-किन कठिनाइयों का सामना आपके परिवार को करना पड़ सकता है । अन्न का अकाल, परिवाहन सुविधा में कष्ट, चिकित्सा सुविधा न मिल-पाना, शिक्षा एवं नौकरी का असुविधा का प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे उपर ही पडेगा । इससे ऐसी स्थिती उत्पन्न हो जाएगी कि हमारे परिवार की सुख-शांति भंग हो जाए ।

देश की गरीबी को दूर करने के लिए भी परिवार नियोजन की आवश्यकता है । बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए परिवार को काबू में रखना ही होगा । इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए शिक्षा की भूमिका महत्वपूर्ण है । अज्ञानता के कारण ही परिवार की संख्या बढ़ती है । हमें इस तथ्यों को जनता के सम्मुख लाना चाहिए । प्रत्येक गृहपति की चाह होनी चाहिए कि अपने परिवार के सुख-समृद्धि के लिए परिवार को सीमित रखें । इसी में परिवार का कल्याण निहित है ।

**प्रश्न :**

i) प्रत्येक मनुष्य की क्या कामना रहती है ? **[1]**

ii) किस प्रश्न का विचार करना समोचित है ? **[1]**

iii) मनुष्य मृत्यु पर्यंत अपने परिवार के लिए क्यों जुझता रहता है ? **[1]**

iv) हमारे देश का दुर्भाग्य क्या है ? **[1]**

v) हमारे देश में आबादी पर काबू पाना कठिन क्यों होता चला जा रहा है ? **[1]**

vi) परिवार को छोटा कैसे रखा जाए ? **[1]**

vii) जनसंख्या वृद्धि के कारण किन-किन कठिनाइयों का प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे उपर पडेगा ? **[1]**

viii) परिवार नियोजन में शिक्षा की क्या भूमिका है ? **[1]**

ix) प्रत्येक गृहपति की क्या चाह होनी चाहिए । **[1]**

x) इस परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक दीजिए । **[1]**

8. निम्नलिखित गद्य-खण्ड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

किसी अच्छे नागरिक में बौद्धिकता, आत्मनियंत्रण और वैज्ञानिक अभिरूचि होना आवश्यक है । अपने कर्तव्यों के लिए यह आवश्यक है कि कोई भी नागरिक उपर्युक्त गुणों से टिका रहे । प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है वह अपने देश के प्रति वफादार और कर्तव्यपरायण हो । अच्छे नागरिक का कर्तव्य है कि वह राज्य द्वारा लगाये गये करों का भूगतान समय पर करता रहे । किसी भी नागरिक का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वह कानून का पालन करे और गैरकानूनी कार्यों के बढ़ावे को रोके । उसको देश या राज्य का समर्थन करना चाहिए ताकि शान्ति और व्यवस्था बनायी जा सके । उसे अपनी स्वेच्छाओं का त्याग कर देना चाहिए । उसे अपना धन, समय और आत्मज्ञान समुदाय की भलाई के लिए तैयार रखना चाहिए। शांति के समय उसे दूसरों के विकास में व्यापक रूचि लेनी चाहिए । यही अच्छे नागरिकों के लक्षण है ।

**प्रश्न :**

i) अच्छे नागरिक में कौन-कौन से गुण होने चाहिए ? **[1]**

ii) प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य क्या है ? **[1]**

iii) अच्छा नागरिक समय पर क्या करता है ? **[1]**

iv) शांति के समय नागरिक को क्या करना चाहिए ? **[1]**

v) नागरिक को समुदाय की भलाई के लिए क्या तैयार रखना चाहिए ? **[1]**

vi) नागरिक का प्राथमिक कर्तव्य क्या है ? **[1]**